दिन– गुरुवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 16 / 04 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधिः– 15 मिनट

---

01. संसद के विस्तारित बजट सत्र का तीन दिन का विशेष अधिवेशन आज से शुरू हो रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संशोधनों पर होगा विचार–विमर्श।

02. प्रदेश में कल से जनगणना का पहला चरण होगा शुरू। नागरिक घर बैठे ऑनलाईन भर सकेंगे विवरण।

03. राज्य के सभी नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया अगले आदेश तक स्थगित।

04. और, तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी से राज्य में गर्मी का असर बढ़ा। कई स्थानों का तापमान चालीस डिग्री के पार।

—————————————————

संसद के विस्तारित बजट सत्र का तीन दिन का विशेष अधिवेशन आज से शुरू हो रहा है। यह सत्र अठारह अप्रैल तक चलेगा। इस सत्र में खासतौर से नारी शक्ति वंदन अधिनियम में संशोधनों पर चर्चा की जायेगी। वर्ष दो हजार तेईस में पारित इस अधिनियम पर अमल के लिए सरकार तीन संशोधन विधेयक पेश करेगी। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

—————————————————

बिहार में कल से जनगणना का पहला चरण शुरू होगा। इस चरण के तहत नागरिक वेब–पोर्टल एसई डॉट सेंसस डॉट जीओवी डॉट इन पर जाकर स्वयं अपने परिवार की जानकारी ऑनलाईन दर्ज कर सकते हैं। यह चरण एक मई तक चलेगा। इस प्रक्रिया में परिवार के मुखिया का नाम और किसी भी एक सदस्य के मोबाईल नम्बर से रजिस्ट्रेशन किया जा सकता है। स्व–गणना के बाद संबंधित व्यक्ति को एक आईडी प्राप्त होगी, जिसे प्रगणक के घर आने पर उन्हें उपलब्ध कराना होगा। इसके बाद दो मई से मकानों का सूचीकरण और मकानों की गणना शुरू होगी, जो इकतीस मई तक चलेगी। राज्य सरकार ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना के स्व–गणना तथा मकान सूचीकरण में पूछे जाने वाले प्रश्नों का सही और स्पष्ट उत्तर दें। साथ ही जनगणना कार्य में लगाए गए कर्मियों का सहयोग करें। जनगणना का दूसरा चरण अगले वर्ष फरवरी में आयोजित किया जाएगा। इसमें आयु, लिंग, व्यवसाय, साक्षरता और जाति संबंधी विवरण एकत्र किए जाएंगे।

—————————————————

नगर विकास और आवास विभाग ने राज्य के सभी नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया को अगले आदेश तक स्थगित कर दिया है। विभाग के प्रधान सचिव विनय कुमार ने इस संबंध में सभी जिला पदाधिकारी सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी को निर्देश जारी किये हैं। चुनाव की नई तिथि की घोषण बाद में की जायेगी। गौरतलब है कि राज्य के सभी नगर निकायों में पन्द्रह अप्रैल से पच्चीस अप्रैल के बीच सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों का चुनाव कराया जाना था।

———————————————————

बिहार राज्य निर्वाचन आयोग ने नगर निकाय आम और उप चुनाव दो हजार छब्बीस के लिए मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया है। मतदाता अट्ठाईस अप्रैल तक मतदाता सूची को लेकर दावा–आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। वहीं, सत्रह अप्रैल से चार मई तक प्राप्त दावों और आपत्तियों का निपटारा किया जायेगा। तेरह मई को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जायेगी। इधर, संबंधित नगर निकाय क्षेत्रों में बूथ गठन की प्रक्रिया आज से शुरू होगी।

———————————————————

पश्चिम एशिया संकट के बीच सरकार ने देश भर में घरेलू एलपीजी की शत–प्रतिशत आपूर्ति सुनिश्चित की है। नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी प्रेस वार्ता में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि कालाबाजारी रोकने के लिए सख्त कदम उठाए गए हैं।

———साउंड बाईट———

ब्लेक मार्किटिंग और हॉर्डिंग को रोकने के लिए सभी स्तरों पर कार्य किया जा रहा है। सभी स्टेट्स और यूनियन टेरेट्री में कंट्रोल रूम सेटप किए जा चुके हैं और डिस्ट्रकि मॉनिट्रिंग कमेटी का गठन भी किया जा चुका है। कल लगभग 2100 रेड और सरप्राइज इंस्पेक्शन की गई है। डिस्ट्रीब्यूटर पर पेनल्टी इम्पोज की है और लगभग 58 एलपीजी डिस्ट्रीब्यूटर को सस्पेंड भी किया है।

———————————————————

इधर, प्रदेश में एलपीजी की आपूर्ति सामान्य बनी हुई है। जिला प्रशासन की ओर से नियमित रूप से एलपीजी वितरण की समीक्षा की जा रही है।

———————————————————

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सभी फास्टैग जारीकर्ता बैंकों को फास्टैग से जुड़े वाहन पंजीकरण नंबरों का तत्काल सत्यापन करने के निर्देश जारी किए हैं। यह निर्णय उन शिकायतों के बाद लिया गया है जिनमें फास्टैग रीडर द्वारा दर्ज किया गया विवरण वाहन की नंबर प्लेट पर प्रदर्शित वास्तविक पंजीकरण नंबर से मेल नहीं खाता है।

—————————————————————

नेपाल सरकार ने भारत से सौ रूपये से अधिक की खरीदारी पर भंसार यानि कस्टम शुल्क देना अनिवार्य कर दिया है। नया नियम मंगलवार से प्रभावी हो गया है। इसका उल्लंघन करने पर सामान जब्त कर लिया जायेगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान नियम के उल्लंघन के आरोप में पन्द्रह लाख रूपये से अधिक के सामान जब्त किये गये।

—————————————————————

अररिया जिले से गुजरने वाले गोरखपुर–सिलीगुड़ी एक्सप्रेस–वे के निर्माण को लेकर जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आयोजित की गयी। जिला पदाधिकारी विनोद दूहन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भूमि अधिग्रहण, मुआवजा निर्धारण समेत विभिन्न पहलूओं पर चर्चा हुई।

—————————————————————

प्रदेश में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी के कारण गर्मी का असर बढ़ने लगा है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान कई स्थानों का तापमान चालीस डिग्री से ऊपर चला गया है। इस दौरान इकतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ रोहतास का डेहरी राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा। वहीं, कैमूर के भभुआ का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव सात, शेखपुरा, बक्सर और औरंगाबाद का अधिकतम तापमान इकतालीस डिग्री सेल्सियस, गयाजी का चालीस दशमलव सात और पटना का अड़तीस दशमलव नौ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। इधर, विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि आज से एक पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने की संभावना है। इसके प्रभाव से उत्तर–पूर्वी जिलों– अररिया, पूर्णिया, किशनगंज और कटिहार में कुछ स्थानों पर कल से बारिश की संभावना है।

—————————————————————

उत्तर प्रदेश के नोएडा में चल रहे श्रमिकों के प्रदर्शन के बीच राजद प्रवक्ता प्रियंका भारती और कंचना यादव के खिलाफ स्थानीय साईबर थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। आरोप है कि दोनों ने एक पुराने वीडियो को नोएडा का बताकर साझा किया, जिससे भ्रंम और तनाव का माहौल बना। पुलिस ने इसे अफवाह फैलाने की साजिश बताया है।

—————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग की ओर से आयोजित सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी की परीक्षा के दौरान मुंगेर पुलिस ने फर्जीवाड़ा करने वाले गिरोह का

खुलासा किया है। इस मामले में बाईस लोगों की गिरफ्तारी हुई है। पुलिस अधीक्षक इमरान मसूद ने बताया कि फर्जीवाड़ा गिरोह के सरगना समेत तीन लाईनर और अठारह आवेदकों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह अभ्यर्थियों से परीक्षा पास कराने के नाम पर पन्द्रह से बीस लाख रूपये वसूलता था।

————————————————————

अररिया की एक अदालत ने अट्ठाईस वर्ष पुराने हत्या के एक मामले में पन्द्रह दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही इन सभी पर बीस–बीस हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया गया है। सजा पाने वाले सभी दोषियों की उम्र सत्तर वर्ष से अधिक है। इस मामले में छह आरोपियों की पहले ही मौत हो चुकी है। वहीं, मधुबनी की एक अदालत ने हत्या के मामले में दोषी ताराकांत चौधरी और इंद्र नंद चौधरी को आजीवन कारावास और पच्चीस–पच्चीस हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

————————————————————

पूर्वी चम्पारण जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने चार अन्तरराष्ट्रीय साईबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से सात पासबुक, दस एटीएम कार्ड, पांच मोबाईल और लैपटॉप समेत अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये हैं।

————————————————————

भागलपुर जिले के नौगछिया के बाबाविशु राउत पुल पर एक तेज रफ्तार हाईवा और पिकअप की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गयी जबकि पांच अन्य घायल हो गये। मरने वालों में दो महिलाएं हैं।

————————————————————

आईपीएल क्रिकेट में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने कल रात बेंगलुरु में लखनऊ सुपर जायंट्स को पांच विकेट से हरा दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए केवल एक सौ छियालीस पर सिमट गई। जवाब में, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सोलहवें ओवर में पांच विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया। प्रतियोगिता में आज मुंबई इंडियंस का मुकाबला पंजाब किंग्स से मुंबई में होगा।

————————————————————

नालंदा जिले के राजगीर खेल परिसर में आज से सीनियर राष्ट्रीय रग्बी सेवेंस चैंपियनशिप की शुरूआत हो रही है। प्रतियोगिता में महिला वर्ग में सत्ताईस राज्यों और केन्द्रशासित प्रदेशों की टीमें हिस्सा लेंगी। वहीं, पुरूष वर्ग में छब्बीस टीमें भाग लेगी। महिला वर्ग के मुकाबले आज से शुरू हो रहे हैं जबकि पुरूष वर्ग के मैच बीस अप्रैल से खेले जायेंगे।

बिहार क्रिकेट एसोसिएशन की ओर से कल से शुरू हुये मेंस टी–ट्वेंटी ट्रॉफी में दरभंगा, शिवहर, पूर्वी चंपारण और गोपालगंज की टीमों ने जीत दर्ज की। वहीं, श्यामल सिंह अंडर–सोलह ट्रॉफी में समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर, मधेपुरा, गया, भोजपुर, जमुई और पूर्वी चंपारण की टीमों ने जीत हासिल की।

———————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने भाजपा के वरिष्ठ नेता सम्राट चौधरी के मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान लिखता है– बिहार में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बने सम्राट चौधरी। पहली बार जदयू से विजय कुमार चौधरी और बिजेन्द्र प्रसाद यादव उपमुख्यमंत्री बने।

दैनिक भास्कर ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– बीस साल के नीतीश युग का पटाक्षेप, सत्ता अब भाजपा के हाथ, सम्राट बने बिहार के चौबीसवें मुख्यमंत्री।

दैनिक जागरण ने अपनी विशेष रिपोर्ट में लिखा है– परिसीमन से बदल जायेगा लोकसभा सीटों को भूगोल और गणित।

प्रभात खबर की सुर्खी है– सीबीएसई दसवीं का परीक्षा परिणाम घोषित, तिरानवे दशमलव सात प्रतिशत छात्र हुये उत्तीर्ण। पटना जोन में नवासी दशमलव तीन–तीन प्रतिशत रिजल्ट।

राष्ट्रीय सागर के शब्द हैं– संसद का विशेष सत्र आज से। पास होंगे महिला आरक्षण समेत तीन अहम बिल।

आज अखबार लिखता है– पंचायत स्तर पर भू–गर्भ जल संरक्षण के लिए चल रहा बड़ा अभियान।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. संसद के विस्तारित बजट सत्र का तीन दिन का विशेष अधिवेशन आज से शुरू हो रहा है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के संशोधनों पर होगा विचार–विमर्श।

02. प्रदेश में कल से जनगणना का पहला चरण होगा शुरू। नागरिक घर बैठे ऑनलाईन भर सकेंगे विवरण।

03. राज्य के सभी नगर निकायों में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के निर्वाचन की प्रक्रिया अगले आदेश तक स्थगित।

04. और, तापमान में लगातार हो रही बढ़ोतरी से राज्य में गर्मी का असर बढ़ा। कई स्थानों का तापमान चालीस डिग्री के पार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।